समाचार

महापौर, सभापति, पार्षद व एल्डरमेन के मानदेय में वृद्धि (सदन के सदस्यों ने मुख्यमंत्री, राजस्व मंत्री व नगरीय प्रशासन मंत्री को दिया धन्यवाद)

(सभापति ने दी सदन में सूचना किया गया करतल ध्वनि से स्वागत)

कोरबा 31 मार्च 2022 – महापौर, सभापति, पार्षद व एल्डरमेन के मानदेय में वृद्धि किए जाने की सूचना प्राप्त होने पर आज निगम की साधारण सभा की बैठक में प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल, नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ.शिवकुमार डहरिया तथा राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल का आभार प्रकट करते हुए सदन के सदस्यों ने उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया।

यहॉ उल्लेखनीय है कि राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल एवं महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद की विशेष पहल पर नगर पालिक निगम कोरबा की साधारण सभा द्वारा निगम के महापौर, सभापति, पार्षद व एल्डरमेन के मानदेय में वृद्धि किए जाने का प्रस्ताव पारित कर राज्य शासन को भेजा गया था। आज निगम की साधारण सभा का सम्मिलन प्रियदर्शनी इंदिरा स्टेडियम परिसर स्थित राजीव गांधी आडिटोरियम में आयोजित किया जा रहा था, सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी ने सदन को सूचना देते हुए अवगत कराया कि मानदेय में वृद्धि के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान करते हुए मानदेय में वृद्धि की गई है, जिस पर महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल, नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ.शिवकुमार डहरिया तथा राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल का आभार मानते हुए उनका धन्यवाद ज्ञापित किया, सदन में तत्समय उपस्थित सभी पक्ष व विपक्ष के सदस्यों ने भी करतल ध्वनि से अपना आभार प्रकट किया। महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने सदन को अवगत कराया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने नगर निगमों हेतु 10–10 करोड़ रूपये की राशि अधोसंरचना मद के अंतर्गत स्वीकृत की गई है, जिसका सभी सदस्यों ने करतल ध्वनि से स्वागत किया तथा उनके प्रति आभार प्रकट किया।

20–20 लाख रूपये के अतिरिक्त कार्यो हेतु धन्यवाद– पार्षदगणों व एल्डरमेन के प्रस्ताव व उनकी अनुशंसा पर वार्डो में 20–20 लाख रूपये के अतिरिक्त कराए जाने के प्रावधान पर सदन में उपस्थित पार्षदों व एल्डरमेनगणों ने करतल ध्वनि से इसका स्वागत करते हुए राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल के प्रति आभार व्यक्त किया। यहॉ उल्लेखनीय है कि राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद की उपस्थिति में निगम के पार्षदगण, एल्डरमेनगणों की बैठक लेकर उनसे विकास कार्यो पर चर्चा की थी तथा उन्हें आश्वस्त किया था कि वार्डो में अन्य विकास कार्यो के अलावा उनकी अनुशंसा एवं प्रस्ताव पर 20–20 लाख रूपये के विकास कार्य कराए जाएंगे तथा इस हेतु बजट में प्रावधान रखा जाएगा। महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद द्वारा आज निगम की बजट बैठक के दौरान प्रस्तुत अपने अभिभाषण में उक्त प्रावधान की जानकारी देते हुए पार्षदों व एल्डरमेनगणों की अनुशंसा एवं प्रस्ताव पर वार्डो में 20–20 लाख रूपये के विकास कार्य कराने की घोषणा की, जिसका सदन में उपस्थित सदस्यों ने करतल ध्वनि से स्वागत किया तथा राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल एवं महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद के प्रति आभार ज्ञापित किया।